संस्था – बाबू सिंह कृष्णा देवी समिति

शिरडी धाम फर्रूखाबाद रोड, छिबरामऊ, कन्नौज

साधारण सभा की कार्यवाही

आज दिनांक 29 अक्टूबर 2023 को बाबू सिंह कृष्णा देवी समिति, शिरडी धाम फर्रूखाबाद रोड, छिबरामऊ, कन्नौज की साधारण सभा की बैठक संस्था के अध्यक्षा सुश्री समृद्धि सिंह जी की अध्यक्षता मे प्रातः काल 11:00 बजे संस्था के प्रधान कार्यालय पर सम्पन्न की गयी। बैठक का कोरम पूर्ण रहा। बैठक मे निम्न प्रस्तावो पर विचार विमर्श किया गया।

प्रस्ताव सं0–1 पिछली कार्यवाही को सदन मे पढकर सुनया गया जिसकी पुष्टि सर्व सम्मति से की गयी।

प्रस्ताव सं0–2 सचिव महोदय डा0 जितेन्द्र सिंह जी ने बताया कि समिति द्वारा संचालित सांई मीर कालेज ऑफ पॉलिटेक्निक, फर्रूखाबाद रोड, छिबरामऊ कन्नौज में डिप्लोमा स्तर पर सिविल इंजीनियरिंग, मैकेनिकल (प्रोड0) इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग व कम्प्यूटर सांईस एवं इंजीनियरिंग कोर्स संचालित हैं तथा ए0आई0सी0टी0ई0 व बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजूेशन उत्तर प्रदेश लखनऊ में मान्यता प्राप्त है। कालेज में उक्त पाठ्यक्रमों में विगत कई बर्षों से छात्र संख्या अत्याधिक कम रह रही है एवं प्रवेशित छात्र/छात्राओं में से भी कई छात्र/छात्राऐं फीस न होने के कारण बीच सत्र में पढाई छोड देते है। जिस कारण संस्था पर अत्याधिक आर्थिक बोझ पड रहा है एवं संस्था महाविद्यालय में कार्यरत शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को वेतन इत्यादि देने में भी असमर्थ होती जा रही है। अतः सांई मीर कालेज ऑफ पॉलिटेक्निक, फर्रूखाबाद रोड, छिबरामऊ कन्नौज में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों को स्थाई रूप से समाप्त कर महाविद्यालय को स्थाई रूप से बन्द कर देना ही उचित होगा। संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा गहन विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि समिति द्वारा संचालित सांई मीर कालेज ऑफ पॉलिटेक्निक, फर्रूखाबाद रोड, छिबरामऊ कन्नौज को पूर्ण रूप से बन्द कर दिया जाये। प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ।

प्रस्ताव सं0–3 निर्णय लिया गया कि प्रस्ताव संख्या 02 में वर्णित सांई मीर कालेज ऑफ पॉलिटेक्निक, फर्रूखाबाद रोड, छिबरामऊ कन्नौज की मान्यता को समाप्त करने एवं स्थाई रूप से बन्द करने हेतु ए0आई0सी0टी0ई0, बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजूेशन उत्तर प्रदेश लखनऊ व उत्तर प्रदेश शासन में नियमानुसार आवेदन किया जाये जिस हेतु पत्रजात पर हस्ताक्षर हेतु संस्था के सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह जी को नामित किया गया, प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ

इसके उपरान्त अन्य कोई प्रस्ताव न होने के कारण अध्यक्ष महोदया ने आज की कार्यवाही धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त होने की घोषणा की।

(ह0सचिव)

Secretary
Babu Singh Krishna Devi Samiti,
Shirdi Dham, Farrukhabad Road,
Chhibramau, Kannauj (U.P.)

(ह0अध्यक्ष)

President
Babu Singh Krishna Devi Samiti,
Shirdi Dham, Farrukhabad Road,
Chhibramau, Kannauj (U.P.)

1.

2.

सत्य प्रतिलिपि